होली मनाएंगे खाटू में | By Vishal Kaushik

फागुन में जायेंगे खाटू में
झूमेंगे गाएंगे खाटू में
श्याम सलोने सांवरिया के संग
होली मनाएंगे खाटू में

काँधे पे निशान लेके
सांवरे के दर पे चलेंगे
होली मेरे संग खेल
बाबा से ये विनती करेंगे
श्याम के दीवाने हम
श्याम ककोे ही माने हम
श्याम को लगाएंगे रंग
लाल हरे पीले या केसरिया नीले
ये रंग उड़ाएंगे खाटू में

हारे का साथी मेरा
श्याम से पहचान मेरी
राह देखता सांवरा
भक्तों करो ना तुम देरी
अपने रंग रसिया से
अपने मन के बसिया से
आज जाके खेलेंगे रंग
श्याम का विशाला आया
लेके रंग गुलाल आये
धूम मचाएंगे खाटू में

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%8f%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%87-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-by-vishal-kaushik/